मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-272
**05/06/2025**

# सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस पर लोकनायक स्व0 जयप्रकाश नारायण जी को शत–शत नमन किया गया

पटना, 05 जून 2025 :– आज सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस के अवसर पर गॉधी मैदान के दक्षिण–पश्चिम छोर पर स्थित गोलम्बर में स्थापित महान क्रान्तिकारी, स्वतंत्रता सेनानी एवं सम्पूर्ण क्रांति के महानायक लोकनायक स्व0 जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोकनायक स्व0 जयप्रकाश नारायण जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत–शत नमन किया तथा उनके बताये आदर्शों को याद किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, पूर्व राज्य सभा सांसद श्री अहमद अशफाक करीम, बिहार विधान परिषद के पूर्व उप सभापति श्री सलीम परवेज, पूर्व विधायक श्रीमती ऊषा विद्यार्थी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, जे0पी0 सेनानीगण सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी लोकनायक स्व0 जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित जे0पी0 सेनानियों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा।

इस अवसर पर बिहार गीत का गायन किया गया तथा सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन एवं आरती पूजन की गयी।

******